उत्तर प्रदेश में दूरसंचार और डाक सेवाओं का कार्यकरण

2879. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश में दूरसंचार और डाक सेवाओं के कार्यकरण में सुधार करने के लिए कोई कदम उठाए हैं ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री संतोष मोहन देव) : (क) जी हां, विशेष बेहतर संचार के अंतर्गत उत्तर प्रदेश को दूरसंचार सेवाओं में सुधार लाने की दृष्टि से अनेक उपाय किए गए हैं ।

(ख) उत्तर प्रदेश को दूरसंचार सेवाओं में सुधार लाने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा इस प्रकार है :—

(एक) ग्राहक सेवा केन्द्रों का गठन ।

(दो) स्टाफ को ग्राहक प्रधान प्रशिक्षण देना ।

(तीन) आंतरिक बाह्य संपर्क का दर्जा बढ़ाना ।

(चार) ट्रंक सेवाओं में सुधार लाना ।

(पांच) स्टोर फारवर्ड टेलीग्राफ प्रणालियों (एस.एफ.टी.) की व्यवस्था करना ताकि तारों के वितरण में लगने वाला समय कम किया जा सके ।

(छः) इलेक्ट्रानिक ट्रंक आटोमेटिक एक्सचेंजों की व्यवस्था ।

(सात) विभिन्न स्थानों पर स्थानीय इलेक्ट्रानिक एक्सचेंजों की व्यवस्था ।

(आठ) ग्रामीण क्षेत्रों में सक्षम दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने के लिए मल्टी एक्सेस रेडियो रिले प्रणालियों की व्यवस्था ।

(नौ) इलेक्ट्रानिक टेलेक्स एक्सचेंजों की व्यवस्था ।

डाक :

(क) और (ख) जानकारी एकत्र की जा रही है तथा इसे सभा पटल पर रख दिया जाएगा ।

इलाहाबाद में फाफामऊ में गंगा पर पुल

2880. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इलाहाबाद में गंगा नदी पर फाफामऊ पुल के बगल में निर्मित किये जा रहे पुल का निर्माण किस चरण पर है ;

(ख) उस पर अब तक कितनी धनराशि खर्च की गयी है ;

(ग) निर्माण कार्य के कब तक पूरा हो जाने की संभावना है ; और

(घ) इस पर कुल कितनी धनराशि खर्च किए जाने की संभावना है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) से (घ) भारत सरकार उन्हीं सड़कों के लिए जिम्मेदार है, जो राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में घोषित हैं । उक्त पुल बनने पर उत्तर प्रदेश सरकार राज्य की सड़क पर पड़ेगा और इसलिए उत्तर प्रदेश सरकार इसके